Phone : 07741-233014
केंद्रीय विद्यालय महाराजपुर कवर्धा (छ.ग.)
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्त निकाय
*Kendriya Vidyalaya Maharajpur Kawardha (C.G.) An Autonomous Body under Ministry of Education : Govt. of India*
करपात्री स्टेडियम , जिला पंचायत रोड , कवर्धा , जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
Karpatri Stadium, Zila Panchayat Road , Kawardha Dist- Kabirdham (CG.) 491995
Website: https://kawardha.kvs.ac.in/ Email – kawardhakv@gmail.com

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

**Ref. No. F./1-2/KV/KWD/2020-21/97** **Dated: 26-10-2020**

# विद्यालय प्रबंधन समिति बैठक का कार्यवाही विवरण

सत्र 2020-21 की विद्यालय प्रबंध समिति , केन्द्रीय विद्यालय कवर्धा की प्रथम बेठक **दिनांक 19.10.2020** (सोमवार) को सायं 4:00 बजे केंद्रीय विद्यालय कवर्धा में आयोजित की गई । कलेक्टर , जिला-कबीरधाम & अध्यक्ष , विद्यालय प्रबंध समिति श्री रमेश कुमार शर्मा जी की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों की उपस्थिति के साथ बैठक प्रारंभ हुई। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा स्वयं का परिचय एवं सभी सदस्यों का परिचय कराया गया तथा विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा पुष्प गुच्छ से सभी माननीय अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात बैठक के बिन्दुओं पर चर्चा प्रारंभ हुई।

1. विद्यालय प्रबंध समिति को जानकारी दी गई कि वैश्विक महामारी (कोरोना) जैसी आपदा से जनजीवन अस्त-व्यस्त हुआ है, साथ ही शिक्षण पद्धति में भी बदलाव हुआ है। विद्यालय में ऑनलाइन माध्यम से सभी कक्षाओं में शिक्षण कार्य किया जा रहा है। ऑनलाइन कक्षा में पढ़ने हेतु गूगल मीट एप्प तथा गृहकार्य/परीक्षा हेतु गूगल क्लासरूम एप्प का उपयोग किया जा रहा है।
2. विद्यालय प्रबंध समिति को अवगत कराया गया कि विद्यालय में सत्र 2020-21 में कुल 62 बच्चों को प्रवेश दिया गया है , जिसमे से 47 बच्चों का प्रवेश कक्षा प्रथम में हुआ है। प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में सभी सदस्यों को अवगत कराया गया।
3. समय समय पर अभिभावकों से संवाद स्थापित करने के लिए ऑनलाइन माध्यम से शिक्षक-अभिभावक बैठक (PTM) का भी आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई।
4. विद्यालय प्रबंध समिति को अवगत कराया गया कि विद्यालय में शिक्षण के साथ साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप जैसे- रंगोली मेकिंग, विज्ञान संबंधित गतिविधियों का आयोजन भी ऑनलाइन माध्यम से किया जा रहा है। शैक्षणिक गतिविधि जैसे - एक भारत श्रेष्ठ भारत, स्वच्छता सप्ताह, हिंदी पखवाड़ा, महात्मा गाँधी की 150वीं वर्षगाठ तथा शिक्षक दिवस आदि के बारे में भी पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यालय प्रबंध समिति को अवगत कराया गया।
5. विद्यालय के प्राचार्य द्वारा अवगत कराया गया कि आगामी सत्र 2021-22 में कक्षाएं बढ़ेगी, जिस कारण से नई कक्षाओं तथा संगीत कक्ष, खेलकूद कक्ष , पुस्तकालय आदि के लिए अतिरिक्त कक्षों की आवशयकता होगी। अन्य उपयुक्त अस्थाई भवन प्रदान करने अथवा अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की आवश्यकता के बारे में समिति को अवगत कराया गया। इस परिप्रेक्ष्य में अध्यक्ष महोदय द्वारा अगले सत्र के लिए प्रायोजक अभिकरण (राज्य शासन) द्वारा एक अतिरिक्त कक्ष की व्यवस्था का आश्वासन दिया गया।
6. केन्द्रीय विद्यालय कवर्धा अस्थायी रूप से 2017 से करपात्री स्टेडियम में संचालित हो रहा है। जिसके रंग रोगन की आवश्यकता के बारे में प्राचार्य द्वारा प्रबंध समिति को बताया गया। इस परिपेक्ष्य में अध्यक्ष महोदय द्वारा विद्यालय खुलने के पहले प्रायोजक अभिकरण (राज्य शासन ) द्वारा अस्थाई विद्यालय भवन के रंग रोगन की व्यवस्था का आश्वासन दिया गया।

Phone : 07741-233014
# केंद्रीय विद्यालय महाराजपुर कवर्धा (छ.ग.)
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्त निकाय
***Kendriya Vidyalaya Maharajpur Kawardha (C.G.)*** *An Autonomous Body under Ministry of Education : Govt. of India*
**करपात्री स्टेडियम , जिला पंचायत रोड , कवर्धा , जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**
**Karpatri Stadium, Zila Panchayat Road , Kawardha Dist- Kabirdham (CG.) 491995**
**Website: https://kawardha.kvs.ac.in/ Email – kawardhakv@gmail.com**

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

7. केन्द्रीय विद्यालय में बालकों के लिए शौचालय की कमी के बारे में तथा अतिरिक्त शौचालय निर्माण अथवा बंद पड़े शौचालय के जीर्णोद्धार की आवश्यकता पर चर्चा हुई | इस विषय पर चर्चा उपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय के द्वारा बताया गया कि लोक निर्माण विभाग के माध्यम से उपरोक्त समस्या का निदान करा दिया जावेगा |
8. अगले बिंदु पर प्रकाश डालते हुए अवगत कराया गया कि विद्यालय में जल व्यवस्था हेतु एक ही बोर है ,जो कि करपात्री स्टेडियम में है | कई बार समस्या आने पर विद्यालय में जल की आपूर्ति नहीं हो पाती है | इस समस्या के निदान हेतु अध्यक्ष महोदय द्वारा विद्यालय परिसर में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा एक बोर विद्यालय परिसर में कराये जाने का निर्देश दिया गया |

अस्थाई भवन में बिजली व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि विद्यालय प्रांगण के अंदर रात्रि में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था नहीं रहती | जिससे असामाजिक तत्वों के द्वारा विद्यालय की संपत्ति को नुकसान पहुँचाने का भय रहता है | इस विषय को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष महोदय द्वारा विद्यालय परिसर में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था का आश्वासन दिया गया।

विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका सुश्री करुणा कटियार के आभार प्रदर्शन के साथ पूर्ण हुई | विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे |

**1. SHRI ANIL KUMAR SONI**
**(ASP KABIRDHAM)**

**2. SHRI VIPUL KUMAR GUPTA**
**(SDM KAWARDHA)**

**3. SHRI RANG LAL BARLE**
**(PRINCIPAL GOVT.NAVIN HR.S.S. KAWARDHA)**

**4. SHRI R.P. SINGH**
**(PRINCIPAL GOVT. GIRLS HR.S.S., KAWARDHA)**

**5. SHRI R.S. CHANDRAVANSHI**
**(PRINCIPAL , GOVT. SCH. RAJNAWAGAON)**

**6.. SHRI RISHI KUMAR THAKUR**
**( HM MIDDLE SCHOOL KAWARDHA )**

**7.. SMT. HARSHITA TAMBOLI**
**(TEACHER , GOVT. GIRLS HR SEC KAWARDHA)**

**8. MS KARUNA KATIYAR**
**(TGT-MATHS , KV KAWARDHA)**

27/x/20

**प्राचार्य ग्रेड-II**
**केंद्रीय विद्यालय कवर्धा**

27/x/2020

**कलेक्टर , कबीरधाम &**
**अध्यक्ष**
**विद्यालय प्रबंध समिति**
**केंद्रीय विद्यालय कवर्धा**

अध्यक्ष / CHAIRMAN
विद्यालय प्रबंध समिति
Vidyalaya Management Committee
केन्द्रीय विद्यालय / Kendriya Vidyalaya
महाराजपुर, कवर्धा (छ.ग.)
Maharajpur, Kawardha (C.G.)